ब्रह्माकुमारी के ज्ञान मानसरोवर में रशियन कलाकारों ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

लाखों की संख्या में पहुंचे लोग, कलाकारों की कला को देख झूम उठे लोग

तेजयुग न्यूज

पानीपत : ब्रह्माकुमारीज़ के ज्ञान मानसरोवर में रशियन कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में हजारों की संख्या पहुंचे शहरवासी और आस-पास के गाँव वाले कलाकारों की प्रस्तुति को देख झूम उठे लोग और खड़े होकर तालियां बजाने लगे। इस मौके पर पानीपत सर्कल इंचार्ज राजयोगिनी सरला बहन, रशिया से अपने आर्टिस्ट ग्रुप के साथ पधारी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका संतोष बहन एवं जी.आर.सी निदेशक बीके भारत भूषण सहित स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्रों की इंचार्ज बहनें भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में रशियन कलाकारों ने भारतीय देशभक्ति से जुड़े गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी, जैसे देश रंगीला आदि..। इसके अलावा भगवान शिव की महिमा के गीतों और कुछ रशियन सॉंग्स पर भी उन्होंने नृत्य किया। ब्रह्माकुमारीज संस्था में रशिया स्थित सेवा केन्द्रों की संयुक्त क्षेत्रीय समन्वयक और रशिया के सांस्कृतिक कलाकारों की ग्रुप लीडर ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से ये कलाकार भारत के अनेक स्थानों पर ज्ञानयोग से सजे सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति करता आ रहा है।

फिर उन्होंने कहा कि यह सर्वविदित है कि कला, मीडिया, गीत, संगीत और नृत्य सदा ही व्यक्ति और समाज को प्रभावित करने में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि इस शक्तिशाली माध्यम का सही उपयोग किया जाए तो मानव की मनोवृतियों को श्रेष्ठ बनाकर एक उत्तम समाज की रचना की जा सकती है। इसलिए इस डिवाइन लाइट ग्रुप का लक्ष्य भी यही है कि अपनी कला के माध्यम से मानव जीवन के तनाव को कम करके आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाएं। और साथ ही इन कार्यक्रमों द्वारा भारत और रूस के नागरिकों के बीच हृदय सेतु बन बेहतर विश्व का निर्माण करने में सहयोगी बनना।

राज्य स्तरीय बैठक करके फिर सरकार को मांगे मानने का दिया अल्टीमेटम

कैथल : ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन हरियाणा के पीडब्ल्यूडी बी.एंड आर., पब्लिक हेल्थ, इरिगेशन के सैकड़ो ठेकेदार आज कर्ण लेक करनाल पर हुए एकत्र हुए। उन्होंने 2023-24 के पूर्व निर्धारित बजट में 20 प्रतिशत तक भारी कटौती को लेकर रोष प्रदर्शन किया। ऑल हरियाणा ठेकेदार यूनियन के प्रधान अशोक जैन व स्टेट सेक्रटरी मनोज चहल ने बताया कि 29 फरवरी को चंडीगढ़ में मीटिंग करके भी हरियाणा सरकार को चेताया गया था लेकिन ठेकेदारों की मांगों पर कोई एक्शन नहीं हुआ और आज सीएम सिटी करनाल में भी राज्य स्तरीय बैठक करके फिर सरकार को मांगे मानने का अल्टीमेटम दिया। मनोज चहल ने कहा यदि हमारी पेंडिंग पेमेंट जोकि कटौती के नाम पर रोक दी गई है, दी जाए नहीं तो 2 दिन बाद पूरे हरियाणा में काम बंद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि काम पहले करने के बाद भी ठेकेदारों की पेमेट नहीं की जा रही जबकि सभी कार्य नियम अनुसार पूर्ण किए जा चुके हैं। मनोज चहल ने कहा कि सरकार को 2 बार सैंकड़ो ठेकेदारों के प्रतिनिधि मंडल सीएम व सरकार के समक्ष मांगें रखी जा चुकी हैं परन्तु इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा, अब 2 दिन का अल्टीमेटम है, उसके बाद विकास कार्य बंद किए जाएंगे।

कांग्रेसी नेता सतबीर भाणा द्वारा आयोजित बदलाव रैली

बतौर मुयातिथि पहुंच सुरजेवाला ने किया कांग्रेस सरकार बनाने का आह्वान

कृष्ण प्रजापति

कैथल : लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे सभी पार्टियां अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार-प्रसार में तेजी से सक्रिय हो रही हैं। हल्का पुंडरी में लोकसभा से ज्यादा विधानसभा की तैयारी की अधिक की जा रही है। इसी सिलसिले में आज पुंडरी की नई अनाज मंडी में पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सतबीर भाणा के नेतृत्व में बदलाव रैली का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। रैली का कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू हुआ जिसमें क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर के कांग्रेस नेताओं ने शिरकत की।

किसानों एवं आम आदमी की आवाज के रूप में कांग्रेस का नेतृत्व करने मंच से मुख्य रूप से रणदीप सिंह सुरजेवाला ने उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार केवल गारंटी की बात करती है लेकिन आज से 10 साल पहले उन्होंने किसानों को लाभ में पहुंचने की बात कही थी, आज तक उस गारंटी का कुछ नहीं हुआ। एक साल से अधिक समय तक किसान दिल्ली में धरना प्रदर्शन करते रहे, जहां सैकड़ो किसानों की मौत हुई और हाल ही में भी हरियाणा के बॉर्डर पर भी किसानों पर अत्याचार हुआ, तो ऐसे में मोदी की गारंटी कहां रह जाती है। सुरजेवाला ने कहा कि जहां पर नजर दौड़ाओ, वहां पर आम आदमी हाथों में कागज लिए हुए लाइन में लगा हुआ दिखाई देता है और हरियाणा में स्थिति तो और भी बुरी है। समय पर भर्तियां करनी दूर की बात, सरकार कोर्ट में उनका निपटारा भी नहीं कर पा रही है क्योंकि सरकार की मंशा ही सरकारी संस्थाओं को खत्म करके कुछ व्यवसायियों के हाथ में देने की है।

उन्होंने कहा कि जब कुछ व्यवसायी लोगों के लाखों करोड़ों के कर्ज माफ हो सकते हैं तो क्या यह किसान किसी अन्य देश के नागरिक हैं। सुरजेवाला ने कहा कि हर रोज आम आदमी की जरूरतों, तेल और गैस की कीमतें बढ़ रही है किंतु लोगों की कमाई के अवसर उतने ही घट रहे हैं। सरकार की गैर जिम्मेदाराना नीतियों के कारण ही युवा यहां नौकरी की तैयारी न करके विदेश का रुख कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि अपने क्षेत्र और राष्ट्र को आगे बढ़ाना है तो दोबारा कांग्रेस को लाना होगा क्योंकि कांग्रेस का हाथ सदा आम आदमी के साथ रहा है और केवल विकास की बात करता है। सुरजेवाला ने कहा कि यह तभी होगा जब राहुल गांधी के नेतृत्व में आगे बढ़ रही कांग्रेस को कार्यकर्ता व आमजन राज्य और केंद्र दोनों जगह पर स्थान दिलाएंगे और यह केवल कांग्रेस की नहीं यह आपकी लड़ाई लड़ेंगे और तभी देश आगे बढ़ पाएगा।

भीड़ से गदगद दिखाए दिए सतबीर भाणा, हाथ उठाकर स्वीकार किया जनता का अभिवादन

रैली में भीड़ से गदगद व उत्साहित दिखे कांग्रेसी नेता सतबीर भाणा ने जनता का आभार व्यक्त किया। सुरजेवाला ने सतबीर भाणा की पीठ थपथपाई व हाथ उठाकर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। अपने सम्बोधन में सतबीर भाणा ने कहा कि उन्होंने जब 2014 का चुनाव लड़ा था तो लोगों ने 15 हजार वोट दिए थे और पूर्व मंत्री रहे, खुद भी विधायक रहे नेताओं के बराबर लाकर खड़ा कर दिया था, उसी दिन उन्होंने मन बना लिया था कि वे हल्के की जनता के हितों की लड़ाई निरंतर लड़ते रहेंगे और पिछले 10 वर्षों से लगातार जनता के बीच रहते हुए उनके हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं और उनके सुख-दुख में शामिल हो रहे हैं। भाणा ने कहा कि जब उन्होंने आजाद चुनाव लड़कर 15 हजार वोट लिए तो वे रणदीप सिंह सुरजेवाला से मिले और सुरजेवाला ने उन्हें आशीर्वाद देकर कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। भाणा ने कहा कि 2019 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने और पूंडरी की जनता ने उन्हें 28 हजार वोट देकर सफल बनाया और उसके बाद भी वे हार न मानते हुए लगातार जनता के बीच गए।

हल्के के नेताओं पर खूब बरसे सतबीर भाणा

रैली को सम्बोधित करते हुए कांग्रेसी नेता सतबीर भाणा ने कहा कि यहां के नेताओं ने अपने स्वार्थ के लिए जातिवाद का जहर खूब घोला और जनता को बरगलाने का काम किया परंतु जागरूक जनता ने उन्हें दरकिनार करते हुए अबकी बार पुंडरी विधानसभा से आशीर्वाद देकर गरीब के बेटे को विधानसभा में भेजने का मन बना लिया है।

विधायक पर सतबीर भाणा ने जमकर साधा निशाना

पुंडरी विधायक रणधीर सिंह गोलन पर बिना नाम लिए निशाना साधते हुए सतबीर भाणा ने कहा कि विधायक विकास के बड़े-बड़े दावे करते हैं परंतु पुंडरी में जो भी निर्माण कार्य शुरू किए गए थे, करीब 5 साल के कार्यकाल में आज भी वे अधूरे पड़े हैं, एक भी कार्य पूरा करना तो दूर बल्कि धार्मिक तीर्थ में भी मिट्टी बेचने जैसे गंभीर आरोप विधायक पर लगे। उन्होंने कहा कि पुंडरी विधायक की कलम और ज़ुबान एससी, बीसी और कमजोर लोगों पर चलती है। जहां विधायक बनने के बाद उन्होंने पहली कलम से पुंडरी बस स्टैंड पर स्वीपर को सस्पेंड करके अपनी पावर का गलत इस्तेमाल किया तो वहीं दूसरी तरफ खेड़ी साकरा गांव में बहुत कम वोटो वाले जांगड़ा समाज को सरपंच बनाने वाले ग्रामीणों को उन्होंने धिक्कारने का काम किया और उन चौधरी को भी भला बुरा कहा था, जिस पर भाणा ने कहा कि वे शुकगुजार हैं खेड़ी साकरा और समस्त रोड बिरादरी के जिन्होंने 36 बिरादरियों को उचित मान-सम्मान देने का काम किया है। सतबीर भाणा ने कहा कि पुंडरी हल्के की जनता के मन में कोई द्वेष नहीं है, जो जाति-पाती का जहर है, वह केवल नेताओं ने घोला हुआ है। उन्होंने कहा कि अबकी बार पुंडरी की जनता ने गरीब, किसान, मजदूर के बेटे को विधानसभा में भेजकर अपना नुमाइंदा चुनने का मन बनाया हुआ है, और वे विधानसभा में पहुंचकर उनकी आशाओं और उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। सतबीर भाणा ने कहा कि पुंडरी ही नहीं बल्कि कैथल जिले की चारों विधानसभाओं में कांग्रेस विधायक बनाकर चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला को मजबूत करेंगे। रैली में पहुंचने पर रणदीप सिंह सुरजेवाला का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से और पगड़ी पहनाकर, स्मृति चिन्ह देखकर कई संस्थाओं के पदाधिकारी ने भी सम्मानित किया, जिस पर सुरजेवाला ने कहा कि वे पुंडरी के लोगों की पगड़ी पर कभी आंच नहीं आने देंगे और सबका मान-सम्मान रखा जाएगा। सतबीर भाणा ने कहा कि जो आज हजारों की भीड़ रैली में पहुंची है, उसके लिए वे समस्त जनता के बीच जाकर उनका धन्यवाद भी करेंगे और ऋणी भी रहेंगे। इस मौके पर रणदीप सिंह सुरजेवाला के पुत्र आदित्य सुरजेवाला, कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामचन्द्र गुर्जर ढांड, बूटा सिंह पूर्व विधायक, धर्मबीर कोलेखां, जगबीर मास्टर, बलबीर नौच, सुभाष कुराड़, कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेश अम्बरसर, श्वेता ढुल, सुशीला शर्मा, लाखा मांडी, देवीदयाल वर्मा, रोशन पाडला, ओमप्रकाश सैन, राजेंद्र बलवंती, भूपेंद्र सिंह भुप्पी, ओमप्रकाश कैथल, राहुल ट्योंठा, राजेश सांच, राजेश जांगड़ा बरोट, जोनी बन्दराना, नरेश नम्बरदार टीक, गुरजीत जट्ट, गुरनाम सिंह, राजू नम्बरदार, राकेश बामनिया, राजेन्द्र नायक, राकेश लेवाल, जनेश्वर टीक आदि सहित हजारों कार्यकर्त्ताओं ने भाग लिया।

संक्षिप्त समाचार

हरियाणा का बेटा वफादार है तो एसवाईएल नहर का निर्माण करवाकर पानी दें : जयहिन्द

चंडीगढ़ : जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद ने रविवार को कुरुक्षेत्र पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को एसवाईएल के मुद्दे पर घेरा। जयहिंद ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल अपने आप को हरियाणा का बेटा कहते है तो हरियाणा को हक़ का पानी को नहीं दिला रहे है। एसवाईएल के पानी पर एक शब्द भी क्यों नहीं बोल रहे है । क्या हरियाणा का बेटा और हरियाणा के बटेऊ को एसवाईएल पर बोलना नहीं चाहिए ? जयहिन्द ने कहा कि क्या दोनों मुख्यमंत्री अपने पीने का पानी भी दिल्ली या पंजाब से लेकर आए है ? पानी तो हरियाणा का ही पिऐंगे। हिसार एक कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद एक गावं की जयहिन्द ने एक जोहड़/झील का दृश्य दिखाते हुए बताया कि हरियाणा में किस कदर पानी की कमी है जिससे यह जोहड़/झील बिल्कुल सूख चुकी है। भूमिगत जल का स्तर पाताल में जा चुका है। हरियाणा की 70 प्रतिशत जनता जहरीला पानी पीती है और किसानों की 10 लाख एकड़ जमीन बंजर पड़ी है। जयहिन्द ने सुप्रीम कोर्ट का निर्णय बताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट यह निर्णय दे चुकी है कि पंजाब सरकार एसवाईएल नहर का निर्माण करवाए अगर पंजाब सरकार नही करवाती है तो केंद्र सरकार करवाए और अगर इन दोनों में से कोई नही करवाता है तो सुप्रीम कोर्ट खुद करवाएगी। जयहिन्द ने जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी भी पार्टी का कोई भी व्यक्ति आपके पास आता है तो यह आपका कर्तव्य बनता है कि आप उनसे स्कूल फैमिली आईडी में गड़बड़ी, बीपीएल कार्ड, रोजगार को लेकर उनसे जरूर सवाल पूछने चाहिए। अगर वो आपके सवालों का जवाब दें तो बेशक उन्हें फूलो की माला पहनाओ, वरना आप उन्हें जूतों की माला भी पहना सकते है।

हाबड़ी में आयोजित शिविर में डॉ. विकास गुप्ता ने की 300 से अधिक मरीजों के आंखों की जांच

नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है, देखभाल में नहीं बरतनी चाहिए किसी प्रकार की लापरवाही : गुप्ता

कैथल (कृष्ण प्रजापति) : गुरुद्वारा सिंह सभा हबड़ी में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। गुप्ता आंखों व मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कैथल के डॉ. विकास गुप्ता ने 300 से अधिक मरीजों की मुफ्त आंखों की जांच की। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचने पर डॉक्टरों की टीम का आयोजकों ने भव्य स्वागत किया। डॉ. विकास गुप्ता ने कहा कि समाज की सेवा करने का अवसर देने के लिए परमात्मा के शुक्र गुजार हैं, इसके लिए उन्होंने माता-पिता, शुभचिंतकों, अस्पताल के कर्मचारियों की टीम का भी धन्यवाद किया। शिविर का आयोजन भारत विकास परिषद पूंडरी और शहीद उधम सिंह फाउंडेशन कनाडा द्वारा किया गया। बातचीत में डॉ. विकास गुप्ता ने कहा कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है, इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। समय-समय पर अपने आंखों की जांच करवानी चाहिए। उन्होंने बताया कि नेत्र जांच में मरीजों को दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई। डॉ विकास ने कहा कि यदि समय पर उपचार किया जाए तो अंधापन से बचा जा सकता है, इसलिए नेत्र जांच शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए तभी इन शिविरों का सफल आयोजन होता है।

एचपीपीसी और एचपीडल्यूपीसी की बैठक में 774 करोड़ के कांट्रैट और वस्तुओं की खरीद को मंजूरी

विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद लगभग 30 करोड़ रुपये की हुई बचत

तेजयुग न्यूज

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई हाई पावर वर्कर्स परचेज कमेटी, उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी), विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) की बैठक में कुल 774 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रेक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 30 करोड़ रुपये की बचत की गई है।

बैठक में जिला रेवाड़ी के जाटूसाना में राजकीय कन्या महाविद्यालय के निर्माण हेतु एजेंडे को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस महाविद्यालय के निर्माण पर लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत आएगी। कुरुक्षेत्र ज़िले के चम्मू कलां में भी लगभग 14 करोड़ रूपए की लागत से राजकीय कन्या महाविद्यालय के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गयी। इसी प्रकार, शिक्षा के विकास में आधारभूत ढांचा को बढ़ावा देते हुए चरखी दादरी के बौंद कलां और झज्जर के दुजाना में भी राजकीय महाविद्यालयों के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। लगभग 28 करोड़ रूपए की लागत से इन दोनों परियोजनाओं का निर्माण किया जायेगा।

जिला भिवानी के लोहारू विधानसभा क्षेत्र में लगभग 22 करोड़ रुपये की लागत से 4 रेलवे अंडर ब्रिज के निर्माण कार्य को भी मंजूरी प्रदान की गई। साथ ही, लगभग 21 करोड़ रुपये की लागत से जिला रोहतक में रोहतक-भिवानी से बेरी-कलानौर-महम रोड पर लाहली-कलानौर स्टेशन के बीच 2-लेन रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में लगभग 21 करोड़ रुपए की लागत से फतेहाबाद जिले के जमालपुर शेखां में लेवल क्रॉसिंग सी-6 पर टोहाना-कुलाना-रतिया रोड जाखल-हिसार रेलवे लाइन पर 2-लेन रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य को स्वीकृति दी गई। इसके अतिरिक्त, भिवानी, अम्बाला और हिसार ज़िलों की सड़कों की विशेष मरम्मत एवं सुदृढ़करण सहित ऑपरेशन सर्किल यमुनानगर और पानीपत के अंतर्गत 4 नए 33 केवी के एयर इंसुलेटेड सब-स्टेशन की स्थापना सहित अन्य कार्यों के लिये भी करोड़ों रुपए की मंजूरी प्रदान की गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, प्रिंसिपल एडवाइजर अर्बन डेवलपमेंट डी एस ढेसी, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरुण गुप्ता, ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह, बिजली निगमों के चेयरमैन पीके दास, आपूर्ति एवं निपटान विभाग के महानिदेशक मोहम्मद शाइन, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. अमित अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

आस्था का केंद्र बना धूणा बाबा रामनाथ शिव मंदिर पुंडरी

कैथल (कृष्ण प्रजापति) : पुंडरी में शिव मंदिर धूणा बाबा रामनाथ जी मंदिर 5-7 वर्षो से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यह मान्यता है कि मंदिर में जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से पूजा-अर्चना व दर्शन करने आता है, उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। इस कारण यहां पर महाशिवरात्रि पर्व के अलावा अन्य दिन भी दूर-दराज से भक्त भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने आते हैं। गत 8 मार्च को महाशिवरात्रि का पर्व पर भी हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और हवन यज्ञ में आहुति डालकर प्रसाद ग्रहण किया। श्री महंत खुशीनाथ जी के शिष्य योगी सोमवार नाथ जी द्वारा यहां प्रतिदिन आरती व पूजा की जाती है। यहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं का तांता लग जाता है। योगी सोमवार नाथ जी ने बताया कि आज तीसरे दिन भी गोलगप्पो का भंडारा चला हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों लोग मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचते हैं। उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए सभी तरह की सुविधा की जा रही है। इसके अलावा श्रीयोगी गौशाला का फतेहपुर में संचालन किया जा रहा है जहां सैंकड़ो गऊओं की सेवा की जा रही है।

वार्ड 12 की 22 चौपालों में चल रहे हैं कार्य, बनाए जा रहे हैं बस यू शेल्टर, हर गांव में करवाई जा रही है चौपालों की रिपेयर-पेंटिंग : विकास तंवर

सभी सरपंचों को वितिरत किए वाटर टैंकर, फॉगिंग मशीन, ई-रिक्शा, ओपन जिम, वाटर कूलर

- वोट काम के नारे को किया जाएगा मजबूत, एमपी एमएलए से अधिक कार्य करके दिखाएंगे : विकास तंवर
- जिला परिषद के वार्ड 12 की सभी 11 पंचायतों को जिला पार्षद ने दी सौगात
- वार्डवासी बोले : विकास तंवर न केवल लोगों की समस्या सुनते हैं बल्कि लड़कर उनका समाधान भी करवाते हैं

कृष्ण प्रजापति

कैथल : जिला परिषद के वार्ड 12 में आज सभी ग्राम पंचायतों को जिला पार्षद प्रतिनिधि विकास तंवर ने कूड़ा एकत्रित करने के लिए ई-रिक्शा, पानी के 5000 लीटर क्षमता वाले टैंकर, फॉगिंग मशीन भेंट की। सरपंच, सरपंच प्रतिनिधि और गांव के अन्य गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए विकास तंवर ने कहा कि वार्ड 12 में 11 पंचायते हैं जिसमें क्योड़क, टीक, खनौदा, बरोट, बन्दराना, रसूलपुर, बेगपुर, पोबाल, जड़ौला, खेड़ी रायवाली, सोलूमाजरा शामिल हैं।

सभी के सरपंचो व प्रतिनिधियों को बुलाकर आज फॉगिंग मशीन, पानी के टैंकर और ई-रिक्शा सौंपी गई हैं ताकि वे अपने-अपने गांव में स्वच्छता रख सकें, पेयजल व्यवस्था सुदृढ कर सकें और अन्य समस्याओं को दूर कर सकें। विभिन्न गांवो से पहुंचे सरपंच और सरपंच प्रतिनिधियों ने बताया कि विकास तंवर ने 1 साल में एमपी व एमएलए से बढ़कर काम करवाए हैं और विकास तंवर की सभी वार्डवासियों ने सराहना की है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से उनके वार्ड के प्रतिनिधि का नाम विकास है परन्तु इसके साथ-साथ उनका काम काम भी विकास ही है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि इसी प्रकार ही वे वार्ड की समस्याओं को दूर करते रहे तो आने वाले चुनाव में वे पुंडरी हल्के में भी विकास तँवर को सेवा का मौका देंगे क्योंकि विकास तंवर न केवल लोगों की समस्या सुनते हैं बल्कि उनके लिए लड़ते भी है और उनका समाधान भी करवाते हैं। लोगों ने विकास तंवर द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं के लिए उनका आभार जताया।

वहीं बातचीत में पार्षद प्रतिनिधि एवं युवा नेता विकास तंवर ने कहा कि जिला परिषद का चुनाव लड़ने से पहले उन्होंने नारा दिया था कि इस बार वोट काम को और इस नारे को बुलंद करते हुए वार्ड में एक साल में उन्होंने वे काम करवाए हैं जो आज तक किसी एमएलए व एमपी ने भी नहीं करवाये। उन्होंने कहा कि हम काम करके दिखाने में विश्वास रखते हैं। केवल बयानबाजी की बजाय काम करके दिखाएंगे, मेहनत और ईमानदारी से लोगों के बीच जाएंगे तो लोग भी साथ देंगे। पार्षद प्रतिनिधि ने कहा कि वर्किंग कंडीशन को बढ़ावा देना उद्देश्य है। विकास तंवर ने कहा कि 1 दिन में कुछ नहीं कर सकते परंतु एक दिन बहुत कुछ करके दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि गांवो में जो सफाई कर्मचारी हैं, उन्होंने पूरी जिंदगी तसले व साइकिल रिक्शा के माध्यम से कूड़ा उठाने में निकाल दी अब उनके लिए भी स्मार्ट वर्क करने का समय आ गया है। वार्ड के प्रत्येक गांव की प्रत्येक गली में ई-रिक्शा जाएगी और लोगों को कूड़ा उन ई-रिक्शा में डालने के लिए अपील की जाएगी।

इसके साथ-साथ प्रत्येक गांव में एक-एक वाटर टैंकर उपलब्ध होगा जो खेलों के आयोजन में पानी के छिड़काव, सुख-दुख में और शादी समारोह में पानी की किल्लत को दूर करेगा। विकास तंवर ने कहा कि जिला परिषद के माध्यम से गांवो में 1 साल के कार्य अब एमपी, एमएलए के 5 साल के कार्यकाल पर भारी पड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड की 21-22 चौपालों में कार्य चल रहा है, बस क्यू शेल्टर बनाए जा रहे हैं, चौपालों की मरम्मत-रिपेयर, पेंटिंग हर गांव में करवाई जा रही है। इसके साथ-साथ बड़े काम भी करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अबकी बार पुंडरी हल्के में लोग काम को वोट देंगे और हम काम उनको करवा कर देंगे। इस मौके पर सभी गांव के सरपंच प्रतिनिधि व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बर्फानी सेवा मंडल द्वारा धूमधाम से मनाया गया 30वां सालाना समारोह

विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण, भजनों पर जमकर झूमे सदस्य

कृष्ण प्रजापति

कैथल : बर्फानी सेवा मंडल रजि. कैथन द्वारा मंडल का 30वां सालाना समारोह पटियाला रोड अर्जुन नगर स्थित बर्फानी सेवा मंडल की धर्मशाला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता देवों के देव महादेव बाबा भोले नाथ ने की। समारोह की शुरूआत मंडल के प्रधान सुरेंद्र गर्ग बिट्टू एवं सभी सदस्यों ने परिवार सहित पूजा अर्चना के साथ ज्योति प्रचंड करके की। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा भजनों के माध्यम से भगवान शिव की महिमा का गुणगान करके वातावरण को शिवमय बना दिया। कार्यक्रम में भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु खूब नाचे व झूमे। इस मौके पर अपने संबोधन में मंडल के सचिव सत्यनारायण गोयल ने कहा कि बर्फानी सेवा मंडल पिछले कई वर्षों से निरंतर धार्मिक व सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग ले रही है। समाज को ऐसी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की आवश्यकता है, जो समाजहित के कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव आगे रहती है। गोयल ने कहा कि देवों के देव महादेव की महिमा अपरम्पार है और सदा बाबा भोले नाथ अपनों भक्तों की रक्षा करते है।

इस अवसर पर बर्फानी सेवा मंडल की कैथल शाखा के प्रधान सुरेंद्र गर्ग बिट्टू, राजकुमार वर्मा, सुंदर लाल वर्मा, राजीव सिंगला, रविप्रकाश गुप्ता व घनश्याम दास मित्तल ने आए हुए सभी मुख्यातिथियों, मंडल की शाखाओं के पदाधिकारियों, सदस्यों व शिव भक्तों श्रद्धालुओं का स्वागत किया। समारोह में आए सभी श्रद्धालुओं के लिए मंडल की तरफ से विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंडल के सचिव सत्यनारायण गोयल ने बताया कि बर्फानी सेवा मंडल द्वारा हर साल की भांति इस साल भी कश्मीर बालटाल में अमरनाथ यात्रियों के लिए यात्रा के दौरान 30वां विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस उपलक्ष्य में शहर में विशाल शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। समारोह में मंच संचालन मंडल के सदस्य रितेश शर्मा ने बखूभी निभाया। समारोह में भाग लेने वालों में संस्था के चुडिया राम, अनिल मित्तल आदि ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।